दिनांक 30.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

गीला कचरा एवं सुखा कचरा के पृथक एकत्रीकरण एवं उचित निष्पादन हेतु आयुक्त चौहान ने नागरिकों से की अपील

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान ने भिलाई की प्रबुद्ध जनता से अपील की है कि हमारे घरो में दो प्रकार का कुड़ा निकलता है एक गीला जिसमें फलों के छिलके, कटी सब्जियां, बचा हुआ खाना आदि होते हैं एवं सुखे कचरे में पॉलिथिन, कागज, पेकिंग मटेरियल आदि होते है। गीला एवं सुखा कचरा आपस में मिलने से बदबू पैदा होता है और यह कुड़ा किसी काम नहीं आता। अगर गीला और सुखा कुड़ा स्त्रोत पर ही अलग–अलग कर दिया जाये तो गीले कचरे से खाद बनाई जा सकती है। वहीं सुखे कचरे को रिसाईकिल करके उपयोगी वस्तुएं बनाई जा सकती है। ऐसा करके हम कचरों के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को कम कर सकतें है और कचरों को भी उपयोगी बना सकतें है। आयुक्त के0एल0 चौहान ने कहा कि गीले एवं सुखे कचरों को अलग–अलग पात्र में एकत्रित करें एवं घर–घर से कचरा एकत्रित करने वाले रिक्शा एवं आटो के साथ चल रहे सफाई मित्रों को अलग–अलग ही दें ताकि कचरों का उचित निष्पादन हो सकें।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत् गीला एवं सुखा कचरा हेतु अलग–अलग रंग के डिब्बा निर्धारण किया गया है। भिलाई को छत्तीसगढ़ का प्रथम एवं एकमात्र नियोजित शहर होने का गौरव हासिल है आईये इस कचरा निष्पादन की नवीन परम्परा में भी हम अपना सहयोग देकर भिलाई की श्रेष्ठता को बरकरार रखेंगे।

भिलाई शहर में सफाई संबंधित किसी भी समस्या के त्वरित निदान के लिए गूगल प्ले स्टोर पर जाकर **Swachhta- MoHUA** ऐप्प अवश्य डाउनलोड करें।

जनसम्पर्क
अधिकारी